दैनिक प्रातः कालीन राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 214 मुरादाबाद 01 December 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## खतौली का दंगल: सीएम योगी ने मंच से सपा-रालोद पर किए ताबड़तोड़ हमले



मुजफ्फरनगर में खतौली विधानसभा के उपचुनाव की बिसात बिछ चुकी है। यहां भाजपा और गठबंधन में सीधी टक्कर है। उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत को लेकर बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मंच से सपा और रालोद पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को जिताने की भी जनता से अपील की। क्षेत्र के मुस्लिम बहुल गांवों में मतदान के प्रतिशत पर सबकी निगाह टिकी है। मुख्य चुनाव में कई बूथों पर 80 फीसदी मतदान हुआ था, लेकिन इस बार मुस्लिमों के मतदान की चाल पर सबकी निगाह टिकी है। खतौली उप चुनाव में भाजपा और गठबंधन ने जातीय गणित साधने की तैयारी की है। जातियों के हिसाब से ही जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी दी गई है। उप चुनाव में जातीय गणित का फार्मूला कितना कामयाब रहेगा यह तो वक्त बताएगा लेकिन इससे पहले बुधवार को सीएम योगी ने चुनावी माहौल में अपने भाषण से थोड़ी गर्मी जरूर ला दी है। आगे पढ़े सीएम योगी के भाषण की पांच बड़ी बातें तालिबान से की सपा शासन की तुलना- यहां मंच से जनता को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि खतौली क्रांतिकारियों की धरती है। जब कवाल का बवाल हो रहा था, महीनों तक कर्फ्यू लगा था। तब लोकदल के नेता कहां थे। जब हजारों हिंदुओं को जेल भेज दिया गया। तब ये पूछने नहीं आए थे। सपा का शासन तालिबान जैसा था।सबको साथ लेकर विकास के मार्ग पर अग्रसर है डबल इंजन की सरकार- डबल इंजन की सरकार जितना विकास कर रही है, उतना पचास साल में भी नहीं हुआ। हमारा संकल्प है सबका साथ, सबका विकास लेकिन तुष्टिकरण किसी का नहीं। बोले-जो जिस भाषा में समझेगा, उसे उसी भाषा में समझाएंगे सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था का परचम कायम किया है। पहले राहगीरों की हत्या कर दी जाती थी। किसान खेत में जाने से डरते थे, बहनें और बेटियां खरीदारी के लिए नहीं जा पाती है। स्कूल-कॉलेज जाने से डरती थीं। अब बेटियां निडर हैं। कैराना में व्यापारी पलायन होने पर लोग मजबूर थे लेकिन अब पलायन नहीं हो रहा। अपराधी अपराध करने से डरते हैं। जो जिस भाषा में समझेगा, उसी भाषा में उसे समझाएंगे।

### पहले होती थी गुंडा टैक्स की वसूली

सीएम योगी ने चौधरी चरणसिंह का जिक्र करते हुए कहा कि चौधरी साहब हमेशा गलत के खिलाफ खड़े रहे। कहा



कि पहले गुंडा टैक्स की वसूली की जाती थी, अब कोई सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं कर सकता। उन्होंने विक्रम सैनी की पत्नी राजकुमारी देवी को वोट देकर विजयी बनाने का आह्वान किया। कहा कि राजकुमारी देवी प्रधान पति के जेल में होने के बावजूद कवाल कांड के दौरान अपने मूल्यों को बरकरार रखते हुए डटी रहीं।

### जो कुछ बचेगा उसे हमारा बुलडोजर पूरी कर देगी

कहा कि पेशेवर अपराधी और माफिया राजनीति में शामिल होंगे तो आम जनता का जीना मुहाल कर देंगे। उत्तर प्रदेश में राजनीति का तुष्टिकरण भी नहीं होने देना है, आपराधिक प्रवृति के लोगों पर नियंत्रण करना जरूरी है और जो कुछ बचेगा उसे हमारा बुल्डोजर पूरा कर देगा। कहा कि प्रदेश के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी। बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचा है। यह भी कहा कि गंगनहर की दोनों पटरियो पर जल्द ही वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विक्रम सैनी की सदस्यता बहू-बेटियों के सम्मान के लिए गई है, कोई व्यक्तिगत मुकदमा उनके ऊपर नहीं था।

### जातीय समीकरण साध रहे राजनीतिक दल

सीएम की जनसभा के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी सुरेश देवी भी पहुंचीं। कवाल कांड में मारे गए गौरव की मां सुरेश देवी ने ने खतौली उपचुनाव में भाजपा को समर्थन दिया है। बता दें कि खतौली उपचुनाव काफी दिलचस्प होता जा रहा है। मुजफ्फरनगर दंगे के मुकदमे में खतौली से दूसरी बार विधायक चुने गए विक्रम सैनी को सजा हुई, जिसमें उनकी सदस्यता चली गई। इसके बाद दोबारा चुनाव का मैदान सज गया है।

## अफगानिस्तान के एक स्कूल में विस्फोट के बाद 16 लोगों की मौत, 24 घायल



काबुल, एएनआई- अफगानिस्तान से एक बार फिर भीषण धमाके की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि यह धमाका ऐबक शहर के एक जिहादिया स्कूल में हुआ है। धमाके में करीब 16 लोगों की मौत हुई है, साथ ही कम से कम 24 लोगों घायल हुए हैं।

### मृतकों में 10 छात्र भी शामिल

समाचार एजेंसी एएनआई द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, यह धमाका दोपहर की प्रार्थना के वक्त हुआ है। विस्फोट के बाद 16 लोगों की मौत होने की बात सामने आई है, साथ ही 24 लोगो घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अफगानिस्तान





की तालिबान सरकार की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, धमाके के बाद मारे गए कुल लोगों में करीब 10 छात्र भी शामिल है।

### अफगानिस्तान में धमाकों का दौरा जारी

बीते दिनों अफगानिस्तान में एक मोर्टार शेल के फटने के कारण हुआ था। इस हादसे में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकी दो लोग घायल बताए जा रहे थे। हादसे के लेकर जारी किए गए आधिकारिक बयान में बताया गया था कि, धमाका कोई आतंकी हमला नहीं था। यहां खेल-खेल में बच्चों ने एक जिंदा मोर्टार को आग के हवाले कर दिया, जिसके चलते यह धमाका हुआ है। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अफगानिस्तान के समांगन प्रांत के ऐबक शहर में बुधवार की दोपहर जाहदिया मदरसे में बम विस्फोट हुआ है। इस धमाके में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई जबकि 27 घायल हो गए। धमाका दोपहर की नमाज के बाद हुआ।अफगानिस्तान के एक प्रमुख मीडिया समूह ने प्रांतीय अस्पताल के डॉक्टर के हवाले से रिपोर्ट दी। तालिबान के अधिकारी का कहना है कि उत्तरी अफगानिस्तान के मदरसे में हुए बम धमाके में कम से कम दस छात्रों की मौत हो गई।

हमले की अब तक किसी भी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है। विस्फोट के बारे में सुरक्षा अधिकारियों की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सोशल मीडिया पर धमाके के बाद के वीडियो वायरल हो रहे हैं।

# मैनपुरी के रण के रणवीर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मुलायम सिंह यादव की मृत्यु होने के बाद खाली हुई लोकसभा सीट मैनपुरी पर बीजेपी और सपा की चाले बदलती देखी जा सकती है। जहाँ एक तरफ शिवपाल सिंह यादव परिवार में खासकर अखिलेश यादव से दूरी बनाये हुए थे वही सपा में दो घटक दिखाई देने लगे थे। लेकिन चुनाव शुरू हुआ और शिवपाल यादव ने बहु डिम्पल यादव के अनुरोध पर चुनाव की कमान संभाल ली, शिवपाल यादव द्वारा बयान भी दिया गया था कि *बहु ने फोन किया था कि आप चुनाव कि बागडोर सम्भालिये* अब बहू डिम्पल ने कहा है तो आ गये है लेकिन शिवपाल यादव ने यह भी कहा कि *आप गवाह रहोगी* इतना तो परिवार का मसला था सुलझ गया ठीक है लेकिन परिवार के एक होते ही बीजेपी ने अपनी कूटनीति में परिवर्तन करना शुरू कर दिया है। शिवपाल यादव कि सुरक्षा में कटौती का आदेश दे दिया है।सुरक्षा कटौती होते ही एक नई राजनीती ने जन्म लें लिया है कि बीजेपी ने चुनाव हारते हुए यह काम किया है। लेकिन यहाँ एक बात साफ कर दें कि सुरक्षा खतरों को देखते हुए हटाई जाती है, अब जब अखिलेश यादव से मिठास हों ही गईं है तब राजनैतिक दुश्मन शिवपाल यादव



का कोई नहीं रहा है,

## मैनपुरी. इतिहास

1996 से इस सीट पर सपा ने अपने कदम रखें थे, तब से अपने कदम हटाना तो दूर की बात है एक इंच भी मुलायम सिंह यादव का कद इस सीट पर कम नहीं हुआ है। इन्ही राजनैतिक झाँसों से बीजेपी इस सीट को छीनने का प्रयास कर रही है। बीजेपी सरकार के वो सभी दिग्गज चेहरे जो इस सीट के माफिक हों सकतें है गलियों में दौड़ा दिए गये है।इधर सपा कुनबा का पूरा परिवार डिम्पल यादव के साथ एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए है।यह भी देखने के बराबर है कि ऋ्यक्क्के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र लोधी को भी बुलंदशहर से चुनाव प्रचार के लिए बुलाया गया है ।इससे साफ है कि सपा किसी भी तरह के भ्रम में नहीं है। इधर बीजेपी ने लोधी वोट को रिझाने के लिए दिवंगत कल्याण सिंह *बाबू जी* के सुपुत्र एटा सांसद राजवीर सिंह को भी चुनाव प्रचार में उतार कर बीजेपी वोट को कही भी जाने देने के मूड में नहीं है। यानी कि पार्टी छोटी हों या बड़ी.. सत्ता में है या सत्ता से बाहर.. डर और जीत की आशा सभी को लगी है।

## बसपा और कांग्रेस किस रास्ते पर!

बसपा ने उपचुनाव कभी नहीं लड़ने की कसम क्या खाई है कि चुनाव दो केन्द्रो के इर्द-गिर्द घूमने लगे है।कांग्रेस सिर्फ सिर पैर मारने के सिबा कुछ नहीं है। छोटी छोटी जातियाँ और छोटे घटक दल इस उपचुनाव में कुचलना नहीं चाहते है इसलिये लगभग पूरे चुनाव से दूर ही खड़े है।

## यादव,शाक्य,लोधी का चक्रव्यूह!

डिम्पल यादव,रघुराज शाक्य, और लोधी पूरा चुनाव इन्ही के चारों तरफ स्थित है।शाक्य वोट डिम्पल यादव को मुलायम सिंह यादव कैसे मान कर चलें सम्भव नहीं लगता है, यादव वोट सपा के लिए सहानभूति रखता है क्योंकि इस वर्ग के लिए मुलायम सिंह यादव का विशेष लगाव था,बहुत मुश्किल है कि बीजेपी यादव वोट के लिए जोड़तोड़ कर पाए। लेकिन शाक्य समाज से पूर्व विधायक अलोक शाक्य को जिलाध्यक्ष सपा बनाने के राज भी जातीय समीकरण सधते नहीं दिखाई दें रहें है। शाक्य वोट अलोक शाक्य को सपा प्रत्याशी बनते देखना चाहता था। इसके कई कारण भी है 2022 के विधानसभा चुनाव में पूरे प्रदेश में शाक्य वोट पर सपा में जाने का ठप्पा लग चूका है,इस दाग़ को भी ख़त्म करना इस समाज के लिए मसक्कत भरा है। शाक्य वोट को बीजेपी में जाने से रोकने के लिए सपा ने कोई रणनीति नहीं बनाई है सिर्फ अलोक शाक्य.

## हारे का सहारा मुलायम सिंह हमारा

बीजेपी दिवंगत मुलायम सिंह यादव के 2019 लोकसभा चुनाव से पूर्व लोकसभा में दिए बयान को बीजेपी को आर्शीवाद बता कर भुनाना चाह रही है। वही मुलायम सिंह यादव के अपमान को भी चुनाव में घुमा-घुमा कर बतलाया जा रहा है।सपा प्रत्याशी डिम्पल यादव अपने ससुर की सीट को आर्शीवाद मान कर बता रही है। लेकिन एक बात साफ है कि दोनों पार्टियां के पास अपना कुछ भी मैनपुरी लोकसभा के लिए नहीं है जिसे कहा जाये कि आप वोट हमें इसलिये दीजिये.. लेकिन दोनों के लिए मुलायम सिंह यादव हमारे है ईमानदारी से शाक्य वोट अगर सही दिशा में गिरा तो रघुराज शाक्य को मुश्किल है हराना, यही वोट दो हिस्सों में बंटा तो फिर रघुराज शाक्य को हराने से कोई नहीं बचा सकता है। बाकी सभी वोट अपनी जगह टिके हुए है. अन्य जातियों के वोटर इसी वोट को देख रहें है।शिवपाल सिंह यादव इस पूरे रण के रणवीर है क्यों कि रघुराज शाक्य इन्ही के पोषक नेता है.. तय होने के लिए 8 दिसम्बर का इंतजार कीजिये.



# गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को सिरसिया पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य व अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी नगर/भिनगा अतुल कुमार चौबे के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष सिरसिया जनपद श्रावस्ती पंकज कुमार व थाने की टीम द्वारा अभियुक्त सुखदेव पुत्र रामनरेश निवासी बरगदही ( नेजाभार )थाना पयागपुर जनपद बहराइच। गैंगेस्टर एक्ट थाना मल्हीपुर में वांछित व 25 हजार के पुरस्कार घोषित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा आर्थिक एवं भौतिक लाभ हेतु मादक पदार्थों की अवैध रूप से तस्करी की जाती रही है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सीडीओ ने प्राथमिक विद्यालय पटना खास का निरीक्षण कर लिया जायजा

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पटना खास का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। विद्यालय में उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण करने पर छात्र-छात्राओं के पंजीकरण के सापेक्ष उपस्थिति कम होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि पंजीकृत बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें तथा दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता में विशेष ध्यान दें। उन्होने अध्यापकों को लर्निंग आउटकम सिस्टम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पढ़ाने हेतु निर्देशित किया।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने गणित विषय के प्रश्न हल कर छात्र-छात्राओं को पढ़ाया भी। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं से प्रश्न पूछकर दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की जांच किया। और उन्होने बच्चों से उनके जिज्ञासा को भी जाना। तथा मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए उन्हें प्रेरित किया। उन्होने विद्यालय में बने मध्यान्ह भोजन की भी जानकारी ली। उन्होने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि बच्चों को मध्यान्ह भोजन खिलाते समय दरी/शेड के नीचे अच्छे से बैठाकर भोजन कराया जाए तथा भोजन की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय में बने शौचालयों की बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होने विद्यालय परिसर में बने किचन, पेयजल, अग्नि शमन यंत्र आदि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर जायजा लिया और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त हमेशा रखने का निर्देश दिया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित विद्यालय के अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# फर्जी लोन एप से रहे सावधान एसपी श्रावस्ती ने किया आगाह

प्रेमचंद जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि वर्तमान समय में फर्जी लोन एप के माध्यम से आसान तरीके से कर्ज मिलने के चक्कर में लोग अपनी जान गवां रहे है क्योकि आजकल आसानी से ऑनलाइन लोन एप के जाल में सैकड़ों लोग फंसे हुए हैं । जो कर्ज मंजूर करते वक्त फर्जी कंपनियां आवेदक का फोन हैक कर लेती हैं और फिर किस्त व ब्याज न देने पर अश्लील फोटो बनाकर बदनाम करने लगते हैं कर्मचारी आवेदक के रिश्तेदारों, परिचितों और रिश्तेदारों को फोन कर अपशब्दों का भी प्रयोग करते हैं जिस बदनामी के डर से लोगो गलत कदम उठा लेते है। ऐसे फर्जी लॉन एप से सावधान रहें और डरे नही अगर कोई व्यकित आपको ब्लेकमेल करता है तो तुरन्त साईबर हेल्पलाईन नम्बर 1930 पर कॉल करें इसके अलावा नजदीकी पुलिस स्टेशन जाकर साइबर हेल्पडैस्क की मदद लें जब लोन देनें वालें एप के रिकवरी एजेंट कॉल करते धमकिया देकर ज्यादा पैसे वसुलते है और आपके द्वारा पुरी किस्त देनें पर भी आप पर कर्ज दिखाती है फिर 6-7 दिन में लॉन पर कर्ज की कुल राशि का दोगुना ब्याना मांगा जाता है फिर कर्जदाता चुकानें में नाकाम होनें पर उनकी तस्वरो में फेरबदल करके उनकी आपत्तिजनक बनाकर सार्वजनिक किया जात है जिससे डिप्रेशन में आकर कुछ कर्जधारक खुद को नुकसान भी पहुंचाते है। ऐसे साइबर अपराधियों से कैसे बचें =-सबसे पहले तो लोन देने वाले ऐप या कंपनी के बारे में ये जांच करें कि क्या वह आरबीआई की अनुमति से लोन दे रही है या नही ।कोई लोन ऐप किसी बैंक या एनबीएफसी के नाम पर कर्ज बांटने का दावा करता है तो उसे भी संबंधित बैंक या एनबीएफसी से क्रॉस चेक जरूर करें । ऐप आपको जो भी लोन दे रहा है उसकी ब्याज दरें पहले से निर्धारित करा लें और उसका एक एग्रीमेंट भी करा लें, ताकि बाद में आपसे ज्यादा ब्याज की वसूली न हो सके ।अगर आपको कोई लोन ऐप चुकाई जाने वाली किस्त, भुगतान की अवधि और भुगतान के तरीके के बारे में पहले से ही स्पष्ट रूप से जानकारी नहीं देती तो ऐसे लोन ऐप से दूर रहने में ही भलाई है।किसी भी प्रकार की वित्तीय या ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाएं या आपके संबंधित थाने में स्थापित साईबर हेल्पडेस्क पर शिकायत दे।

# डी0एम0 की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिला स्वच्छता समिति, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मुरादाबाद द्वारा की गई। समिति की बैठक में सदस्य सचिव जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल रु026 करोड़ की धनराशि ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों को कराए जाने के लिए शासन स्तर से प्राप्त हुई है। उक्त धनराशि को जनपद की 5000 से अधिक आबादी वाली 62 ग्राम पंचायतों में वितरित किया गया है तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों को प्रारंभ करा दिया गया है। 12 ग्राम पंचायतों में अभी आरआरसी सेंटर के निर्माण के लिए उपलब्ध नहीं हो पाई है जिसके लिए संबंधित जिलाधिकारी से वार्ता करके भूमि प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है इसी प्रकार अभी मात्र रु0 92 लाख का व्यय किया गया है जो कि बेहद कम है। खर्चे को बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। इसी प्रकार व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में जनपद के कुल लक्ष्य 11424 के सापेक्ष 10155(88.89:) शौचालयों का निर्माण कराया जा चुका है तथा रिट्रोफिटिंग सर्वे के माध्यम से पूर्व में बने हुए शौचालयों में पाई गई कमियों एवं नवसृजित परिवारों का आंकलन एवं मूल्यांकन किया जा रहा है। जनपद में कुल 640 सामुदायिक शौचालय बनाए जा चुके हैं एवं 624 सामुदायिक शौचालय पर केयरटेकर की भी तैनाती की जा चुकी है। इस अवसर पर सम्मानित सदस्य श्री अजय वीर सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य द्वारा कहा गया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत विकासखंड स्तर पर काम कर रहे खंड प्रेरकों को आवागमन तथा ग्राम पंचायतों में भ्रमण के लिए आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाए। इसी प्रकार डॉ नवदीप ब्लाक प्रमुख मुंडा पांडे द्वारा अवगत कराया गया कि आरआरसी सेंटर का निर्माण ग्राम पंचायत से बहुत दूर न कराया जाए तथा यथासंभव ग्राम पंचायत में नजदीक की भूमि का चयन किया जाए। श्री मनीष सिंह ब्लाक प्रमुख मुरादाबाद द्वारा पेयजल परियोजना के निर्माण के दौरान खराब हो रही ग्राम पंचायतों की आंतरिक गलियों का मुद्दा उठाया, जिस के संबंध में अभियंता जल निगम द्वारा आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। अंत में बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुरादाबाद द्वारा यह निर्देशित किया गया कि जिन विकास खंडों में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति खराब है वहां के खंड प्रेरक को नोटिस जारी की जाए। सामुदायिक शौचालयों में केयरटेकर की तैनाती जल्द से जल्द पूर्ण की जाए तथा सामुदायिक शौचालय नियमित रूप से प्रतिदिन खोले जाए यह सुनिश्चित किया जाए। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत कार्यों में मानक का विशेष ध्यान रखा जाए तथा समस्त डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट द्वारा समय-समय पर कराए जा रहे कार्यों का भ्रमण भी किया जाए।

सदस्य सचिव जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अंत में सभी सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त किए जाने की घोषणा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, परियोजना निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। उक्त के अतिरिक्त जिला स्वच्छता समिति के सम्मानित सदस्य डॉ नवदीप श्रीवास्तव ब्लाक प्रमुख पांडे, श्री मनीष सिंह ब्लाक प्रमुख मुरादाबाद, श्री अजय वीर सिंह यादव जिला पंचायत सदस्य एवं रामनगर मझरा तथा अक्का डिलारी के ग्राम प्रधान द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डल स्तरीय व्यापार कर छूट समिति मुरादाबाद की बैठक सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मण्डल स्तरीय व्यापार कर छूट समिति मुरादाबाद की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में श्री अनिल कुमार सिंह संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक), राज्यकर, बिजनौर सम्भाग बिजनौर श्री संजय सिंह, उपायुक्त राज्यकर बिजनौर श्री लोकेन्द्र कुमार उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र बिजनौर सुश्री नेहा सहायक आयुक्त उद्योग तथा इकाई प्रतिनिधि के रुप में श्री एस0एन0 खन्ना एडवोकेट द्वारा भाग लिया गया।



बैठक में मैसर्स यूपी आर्गेनिक्स लि0 मण्डावर रोड बिजनौर के व्यापार कर छूट से संबंधित प्रकरण के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक का संचालन श्री योगेश कुमार संयुक्त आयुक्त उद्योग द्वारा किया गया।

# गुलाम अहमद कादरी चिश्ती अलमाअरूफ शाह हाजी मियां रहमतुल्लाह अलेह का तीसरा उस मुबारक बड़ी ही शानो शौकत के साथ मनाया गया



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जामा मस्जिद के करीब हाजी कल्लन वाली गली में वाह काय खान काय आलिया कादरी चिश्ती मैं मशहूर जमाना वजरफ आरिफ बल्ला वाली गली में खान का है गुलाम अहमद कादरी चिश्ती अलमाअरूफ शाह हाजी मियां रहमतुल्लाह अलेह का तीसरा उस मुबारक बड़ी ही शानो शौकत के साथ मनाया गया आज जोहर के बाद कुरान खानी हुई और मगरिब की नमाज के बाद पहले महफिल नाथ वाह मन कबत रास्ता हुई जिसमें मशहूर बा मारू सना खान हजरत नै ना ते वामनकबत कलाम पेश किए इसके बाद कुल शरीफ हुआ सलातो सलाम पढ़ा गया शाजरा खवानी हुई और दुआ की गई

इस मौके पर सैकड़ों एल निस्बत हजरत ने शिरकत की शहादत हासिल की ईशा की नमाज के बाद अजीम ओ शान लंगर लंगर हुआ मैं मौजूद तमाम हाजिर इनको कादरी लंगर पेश किया गया रात 9-00 बजे महफिले समा रास्ता हुई जिसमें अमरोही से आए हुए हिंदुस्तान के मशहूर व मारूफ कव्वाल जावेद अजीम साबरी ने निस्बत ए कलाम पेश किए अकीदत मंद को झूमने पर मजबूर कर दिया रात 1-05 पर विशाल ए कुल शरीफ हुआ और उर्स ए पाक में तशरीफ लाए हुए मेहमान खुसूसी मशहूर जमाने अलीमुद्दीन पीरे तरीकत हजरत मुफ्ती मूसतजाब हुसैन कदीरी ने मुल्क की तरक्की और अमन अमान के लिए दुआ कराई और हाजिरीन में आमीन आमीन की सदाएं बुलंद की महफिले समा हाफिज कारी बूतराब हुसैन कादीरी सूफी सलमान कादरी सूफी दाऊद साबरी सूफी आसीम कलमोई मौलाना नाजिम नईमी शौकीन मदारी यासीन कादरी यामीन कादरी नाजिम हमदी मोहसिन अशरफी के साथ-साथ बड़ी तादाद में खानकाई हजरत की शिरकत रही और तमाम ही हजरत का शुक्रिया अदा करा

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# People against Jinping

China fears the truth of the two incidents. One, his economic progress should not be less, so he can do anything for that. Secondly, China's population of more than 142 crores should not revolt and revolt against the power. To suppress it, the Chinese government can go to any extent of oppression and oppression. In 1989, the world witnessed the tremendous uprising of the student movement at Tiananmen Square in Beijing. History has also seen the mass uprising of Falun Gong followers in 1999. How these two rebellions were crushed is a vast subject to analyze, but China remains turbulent and restless today. A spark has taken the form of fire and that fire is spreading. China's economy is also taking a dive. Many banks have been declared bankrupt. Multinational companies want to come to India by closing their plants or are returning to their native countries. However, the current popular uprising in China is against the very harsh and inhumane policy of Corona virus. This time also youth, especially students and job professionals, have taken to the streets. In the capital Beijing and the industrial city of Shanghai, as well as in major cities, the rebellion has spread to the streets.

The agitators are being beaten up, they are being fired upon and they are also being put in jail, but the rebellious public is shouting – 'We don't want corona test, we want bread'. Take back the zero corona policy and open the lockdown. We want human rights and freedom.' The Chinese Communist regime is scared and is also in awe that China's fate may not be like that of the Soviet Union! People should not start raising the voice of democracy! The rebellious public has started considering President Xi Jinping as a 'dictator', terming it as 'illegal'. The public is demanding Xi Jinping's resignation and there are cries of 'leave the throne'. The man who was once considered the 'hero' of China has now become a 'villain'. Certainly for Xi Jinping, within China itself, this is an unprecedented and unprecedented situation. The Communist Party of China had recently elected Xi as the Party General Secretary for the third consecutive time. This also opened the way for him to become the President of China for the third consecutive time. Such a constitution does not allow, but by putting pressure, Jinping got such a decision done in the party congress. It is obvious that the Constitution would also have to be amended, but with the shape and impact of the people's revolt regarding the 'Zero Corona Policy', anything can happen. In fact, when the corona virus took the declared form of a global pandemic, a large part of the world believed that the virus had spread from China. countries had accepted that China's 'Zero Corona Policy' is effective. At that time, India and Prime Minister Modi were criticized on many levels that India is also a country with a dense and huge population like China, but it is not able to control the epidemic properly. Such countries proved wrong. Not only was the epidemic controlled in India, but some effective vaccines were also invented. India supplied those vaccines to needy countries. People got healthy. Today the situation is that the daily infected patients of corona in India are less than 300 on an average and in China this number is more than 40,000. The lockdown in China has virtually shut down the economy, while India's markets and economic, industrial activities are running smoothly. There is discontent and rebellion in China, whose destinies are anything but possible.

# Fatima Sana Shaikh's pain spilled due to epileptic seizures, said - I am lucky that she survived



During the flight, Famitha had epileptic seizures, due to which her health deteriorated. Fatima was immediately given medical care at the airport, after which she had to stay in the hospital for several days. Bollywood actress Fatima Sana remains in headlines for one reason or the other. Coming into limelight after Aamir Khan's hit film 'Dangal', Fatima is once again in limelight. Recently Famita Sana has disclosed her illness, due to which she had to face many problems. During this, the actress was also afraid of sinking her career. Looking at Fatima Sana Sheikh, it is difficult to guess that she was admitted to the hospital due to illness in the past. Recently there was an accident with Famitha. During the flight, Famitha had epileptic seizures, due to which her health deteriorated. Fatima was immediately given medical service at the airport, after which she had to be admitted to the hospital for several days. 'Dangal Girl' Fatima told about her epilepsy that when she used to have epileptic seizures, she used to be so He used to be dangerous that he was afraid of sinking his career. Fatima also told that she did not initially tell the filmmakers about the disease. He felt that this would affect his work. She didn't want people to think she was weak. He feared whether he would get work if his illness was disclosed. Fatima recently spoke openly about her illness. In an interview, she told, 'I have had epileptic seizures five times, during that time I was completely alone. This disease also stopped my film career. This disease of epilepsy affected me a lot, due to which I had to face many problems. I feel that I am lucky, who survived even after many big accidents. I still can't travel alone. I need someone's company while traveling.

# Kangana Ranaut will be seen in Chandramukhi 2






Mumbai Bollywood actress Kangana Ranaut will soon be seen in Chandramukhi 2, the sequel of Rajinikanth and Jyothika starrer film Chandramukhi. Kangana Ranaut is working in the film Emergency these days. Apart from this, Kangana Ranaut is going to be seen in the sequel of Chandramukhi. Kangana Ranaut will be seen playing the lead role opposite Tamil actor Raghava Lawrence in the sequel of the film Chandramukhi directed by P Vasu. Gana Ranaut will take a short break after wrapping up the Assam schedule of the film Emergency and after returning from the break will start shooting for the first schedule of Chandramukhi in the first week of December. Chandramukhi is a 2005 Tamil horror drama film starring Rajinikanth and Jyothika Saravanan in lead roles.

# मारहरा नगरपालिका का निरीक्षण करने पहुंचे अलीगढ़ नगर निगम आयुक्त

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ के नगर निगम आयुक्त मारहरा नगर पालिका का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। यहां उन्होंने पालिका से जुड़ीं सरकारी योजनाओं और लाभार्थियों की भी जानकारी ली। बुधवार को अलीगढ़ नगर निगम के आयुक्त अमित आसेरी (आईएएस) मारहरा नगर पालिका पहुंचे। यहां उन्होंने पालिका भवन, कार्यालय एवं कस्बा में बने सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण किया। नवनिर्मित डॉ. भीमराव आंबेडकर पुस्तकालय का अवलोकन करते हुए उन्होंने पालिकाध्यक्ष परवेज जुबैरी की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पुस्कालय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिये काफी सहायक साबित होगा। उन्होंने घोषणा की, कि जल्द ही पुस्तकालय में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से सम्बंधित पुस्तकें एवं बुक सेल्फ भी उनकी ओर से उपलब्ध कराई जायेंगी। इसके बाद उन्होंने कस्बा में बने कई प्रधानमंत्री आवासों का भी निरीक्षण करते हुए लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान नगर आयुक्त कस्बा के नदरई रोड स्थित कूड़ा प्रबंधन केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी कैलाशनाथ मिश्रा को निर्देशित किया कि, गीले और सूखे कूड़े का नियमित प्रबंधन कराया जाये। केंद्र पर विद्युत कनेक्शन न मिलने पर उन्होंने जल्द से जल्द कनेक्शन निर्गत कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाया जाये। कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जाये।

उन्होंने पालिका क्षेत्र की सड़कों को जल्द गड्ढामुक्त कराने के लिये भी निर्देशित किया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कस्बा में साफ, सफाई सुदृढ़ बनाये रखने एवं संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु नियमित कीटनाशक दवाई की फॉगिंग के लिये भी आदेश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, पालिकाध्यक्ष परवेज जुबैरी, ईओ कैलाशनाथ मिश्रा, चन्द्रपालसिंह, सादनवर कुरैशी, दयाराम, मनोहरलाल आदि मौजूद रहे।



# योग प्रशिक्षक 7 दिन तक योग प्रशिक्षण प्रदान करेंगे

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-यस योग सेवा समिति द्वारा साप्ताहिक योग प्रशिक्षण शिविर आइडियल पब्लिक स्कूल निधौली रोड एटा उत्तर प्रदेश में शुरू कराया गया द्य योग प्रशिक्षक यशवीर सिंह व महिला योग प्रभारी आशु वार्ष्णेय तथा समिति के अन्य योग प्रशिक्षक 7 दिन तक योग प्रशिक्षण प्रदान करेंगे तत्पश्चात सभी शामिल योग शिक्षार्थियों को योग प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा योग प्रतियोगिता करा कर श्रेष्ठ योगियों को योग पुरस्कार से सम्मानित भी किया जायेगा द्य कोई भी प्रतिभागी योग प्रशिक्षण शिविर में शामिल हो सकता है द्य योग शिविर प्रतिदिन प्रात: 8ः30 से 10 बजे तक रहेगा द्य

# समाज को एक सुनहरा मौका देने जा रहे हैं

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-इंडियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा की आवश्यक बैठक जिला कार्यालय किदवई नगर हुआ जिसकी अध्यक्षता एटा जिला अध्यक्ष इरफान वारसी जी ने की और संचालन जिला वरिष्ठ महासचिव जब्बर अब्बासी ने क्या ,मुख्य अतिथि के रूप में आई इंडियन शेख अब्बासी उत्तर प्रदेश के प्रदेशउपाध्यक्ष सिद्दीक अहमद साहब जी का एटा इंडियन शेख अब्बासी यूथ ब्रिगेड महासभा के जिला अध्यक्ष रियाज अब्बास इंडियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा के एटा नगर अध्यक्ष आबिद अब्बासी जी की टीम द्वारा शॉल, माला पहनाकर स्वागत किया गया इंडियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा के जिला अध्यक्ष इरफान वारसी साहब ने कहा कि हम अपने समाज को एक सुनहरा मौका देने जा रहे हैं कि जो भी पढ़े लिखे व्यक्ति और मेहनती व्यक्ति हैं अपने समाज में नगर चुनाव में वार्ड मेंबर इलेक्शन लड़ना चाहते हैं वह लोग वह आगे बढ़ कर आएं और अब्बासी समाज का वजूद शहर के अंदर दिखाएं उत्तर प्रदेश इंडियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सदीक अहमद साहब ने कहा जो भी इलेक्शन लड़ना चाहता है वार्ड मेंबर या चेयरमैन का अब्बासी महासभा उसके लिए हर तरह से मदद की जाएगी, इंडियन शेख अब्बासी यूथ ब्रिगेड महासभा के जिला अध्यक्ष रियाज अब्बास इंडियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा की नगर अध्यक्ष आबिद अब्बासी जी ने कहा कि एटा की सभी वार्ड मेंबर का इलेक्शन लड़ना चाहते हैं वह सभी अब्बासी व्यक्ति सो नंबर नाम सहित अपने-अपने वार्ड से दे जिससे कि जिला कमेटी तय करेगी के कौन सा प्रत्याशी अब्बासी महासभा का ताकतवर है और वह लड़ने के लिए सक्षम है अगर जिस व्यक्ति के पास पैसा नहीं है अगर वह लड़ने में सक्षम और मशहूर और मारूफ है उसका पूरा कमेटी सहयोग करेंगे आज की कर्म कमेटी में शामिल जिला और शहर की टीम लोग, वकील अहमद अब्बासी, जमील अब्बासी, अनवर अब्बासी चाय वाले ,बबलू अब्बासी, पप्पू अब्बासी फर्नीचर वाले, लल्ला बाबू जायेद अब्बासी, मोहम्मद साहब उर्फ सुल्तान अली अब्बास, सोशल मीडिया प्रभारी मोहम्मद रिहान , जिला एटा अब्बासी परिवार

# यातायात जागरूकता माह नवंबर वर्ष 2022 का समापन समारोह आयोजित किया




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-लोकमन दास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिलाधिकारी एटा श्री अंकित कुमार अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह की उपस्थिति में यातायात जागरूकता माह नवंबर वर्ष 2022 का समापन समारोह आयोजित किया गया। आज दिनांक 30.11.2022 को लोकमन दास सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलीगंज रोड एटा में यातायात जागरूकता माह नवंबर वर्ष 2022 का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एटा श्री अंकित कुमार अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर समापन समारोह की शुरुआत की गई। जिलाधिकारी एटा द्वारा यातायात नियमों का पालन करते हुए नियमों के प्रति जागरूक रहने के संबंध में वक्तव्य दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा के संबंध में संबोधित करते हुए कहा की हम सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहते हुए उनका पालन करना चाहिए। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा यातायात नियमों के संबंध में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया जिसके उपरांत बच्चों को जिलाधिकारी एटा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर राजकुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात श्री सुनील कुमार सिंह, प्रभारी उपनिरीक्षक यातायात श्री बचान सिंह शाक्य, उप निरीक्षक यातायात सतीशचंद व अन्य यातायात कर्मी एवं अन्य पुलिस बल सहित स्कूल स्टाफ व भारी संख्या में छात्र छात्रा मौजूद रहे। यातायात माह के अंतर्गत किए गए कार्यों का विवरण जनपद में 53 व शहर में 01 नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया वाहनों द्वारा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात जागरूकता हेतु प्रचार प्रसार किया गया।

यातायात स्लोगन नियमों एवं सुरक्षात्मक निर्देश संयुक्त 25,100 पंपलेट बाँटे गएयातायात जागरूकता हेतु 35 होर्डिंग्स लगाए गए। 3917 ट्रैक्टर ट्राली एवं अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए व समाचार पत्रों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स फ़ेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर के माध्यम से प्रचार प्रसार कर जागरूक किया गया। जनपद में 2786 पोस्टर व 94 बैनर लगाए गए हैं।यातायात माह के अंतर्गत 65 स्कूलों में सभाएँ आयोजित कराई गई जिसमें 25560 छात्रों ने प्रतिभाग किया। यातायात माह के अंतर्गत 3834 ई-चालान किए गए हैं।यातायात माह के अंतर्गत कुल 38,75,000 रुपए का शमन शुल्क किया गया।

# 15 साल या इससे पुराने वाहन अवागढ़ व जलेसर (टीटीजेड) क्षेत्र में होंगे प्रतिबंधित -एआरटीओ

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सतेन्द्र कुमार ने अवगत कराया है कि ताज ट्रिपेजियम जोन (टीटीजेड) में 15 साल और इससे पुराने वाहनों का संचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। जनपद के अवागढ़ व जलेसर (टीटीजेड) क्षेत्र के अन्तर्गत आने के कारण इन क्षेत्रों के पते पर पंजीकृत 10 वर्ष डीजल एवं 15 वर्ष पेट्रोल चालित वाहनों का पुन: पंजीयन नहीं किया जाएगा। इसके अलावा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सतेन्द्र कुमार ने वाहन स्वामियों को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे वाहनों का अवागढ़ व जलेसर क्षेत्र में किसी भी हाल में संचालन नहीं किया जाए, ऐसे वाहन पूर्णरूप से क्षेत्र में प्रतिबंधित होंगे। अगर ऐसे वाहन अवागढ़ व जलेसर (टीटीजेड) क्षेत्र में संचालित पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

*अन्य खबरों के लिए देखे*

WWW.KNLSIVE.COM

# धान उपार्जन केंद्र, रीपा स्थापना और इजीएल गतिविधियों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही -कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज धान उपार्जन केंद्र मेढुका, रीपा स्थापना डोंगरिया और इजीएल स्कूल गिरवर का निरीक्षण किया। उन्होंने मेढुका में धान की पलटी नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की तथा पलटी के उपरान्त ही बारदाना जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मीलर्स द्वारा तत्काल धान उठाव कराने के भी निर्देश जिला विपणन अधिकारी को दिए। उन्होने किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केंद्र में पेयजल, शौचालय की व्यवस्था तथा किसानों द्वारा विक्रय हेतु लाए गए धान की गुणवत्ता, नमी, टोकन, पंजीयन सत्यापन, बारदाने की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने मेढुका में निर्माणाधीन हाट बाजार क्लीनिक का भी अवलोकन किया। उन्होंने गुणवत्ता के साथ शीघ्र निर्माण पूर्ण करने तथा हाट बाजार में मनरेगा के तहत बाजार शेड एवं चबूतरा शेड बनवाने और बाजार के ठेकेदार से साफ-सफाई एवं बाजार को व्यवस्थित रूप से विकसित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) के तहत डोंगरिया में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। यहां दाल मिल के लिए अधोसंरचना तैयार की जा रही है। उन्होने डोंगरिया में दाल मिल के अलावा मल्टी एक्टिविटी के तहत पशु आहार, पूजन सामग्री, साबुन, दीया बत्ती, पेपर कप प्लेट, एलईडी, हल्दी की खेती आदि के लिए भी कार्य योजना तैयार करने के साथ ही रीपा परिसर का फेंसिंग कराने के निर्देश जनपद सीईओ मरवाही को दिए। कलेक्टर ने यूनिसेफ के सहयोग से प्राथमिक शालाओं में चलाए जा रहे ईजीएल-मोर आखर कार्यक्रम के तहत प्राथमिक शाला गिरवर के बच्चों से गतिविधियां कराकर उनके बौद्धिक विकास की जांच की। उन्होने बच्चों के बीच बैठकर ठोस, नरम, तरल पदार्थो की पहचान तथा फूल, पौधों, पत्तियों, जानवरों की चित्रों में माध्यम से पहचान कराकर बच्चों की व्यवहारिक समझ की परख की। उन्होने शाला परिसर का निरीक्षण किया तथा नवनिर्मित मिडिल स्कूल का उपयोग करने एवं एक कक्ष में कबाड़ के रूप में जमा पुराने फर्नीचर्स में से उपयोग के लायक फर्नीचरों को छांट कर उपयोग में लाने तथा शेष फर्नीचरों को नीलाम कराने के निर्देश खंड शिक्षा अधिकारी को दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने शाला परिसर में शासकीय भूमि पर काबिज निजी व्यक्ति, जिनके निस्तार का दरवाजा शाला परिसर में है उनके घर का दरवाजा स्कूल परिसर से पृथक रखने के लिए नोटिस जारी कराने कहा, ताकि बच्चों के अध्ययन अध्यापन कार्य में व्यवधान नहीं हो। निरीक्षण के दौरान सहायक पंजीयक सहकारिता यूके कौशिक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी विनय साहू, जिला विपणन अधिकारी लोकेश देवांगन, खाद्य अधिकारी मंजुला सलाम, खंड शिक्षा अधिकारी संजीव शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## अवैध रूप से भंडारण करने पर शंकर गुप्ता के गोदाम से 382 बोरी धान जप्त

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही - अवैध रूप धान का भंडाराण करने की सूचना पर मरवाही विकासखंड के ग्राम सिवनी निवासी शंकर गुप्ता के गोदाम से आज 382 बोरी धान जप्त किया गया। जप्ती की कार्रवाई राजस्व, खाद्य, कृषि उपज मंडी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान अनुचित लाभ उठाने वाले बिचौलियों-कोचियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही धान की अवैध भंडारण की सूचना पर संयुक्त जांच दल द्वारा दस्तावेजों की जांच-पड़ताल कर जप्ती आदि की कार्रवाई की जा रही है।

## दिव्यांग एवं 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम जोड़ने चलेगा विशेष अभियान

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही -मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आज वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी जिला कलेक्टरों की बैठक लेकर विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति, दिव्यांगजन एवं 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के पूर्व विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण (अर्हता तिथि 1 जनवरी 2023) के दौरान 9 नवंबर 2022 से लेकर 8 दिसंबर 2022 तक दावा आपत्ति प्राप्त की जा रही है। जिसमें नया पंजीयन, डिलीशन एवं संशोधन का कार्य किया जा रहा है। बैठक में सभी मतदान केन्द्रों पर जागरूकता अभियान चलाकर बी.एल.ओ. अथवा मतदाता स्वयं ऑनलाइन वीएचए एवं एनवीएसपी पोर्टल के माध्यम से पात्र मतदाताओं के पंजीयन कराने के निर्देश दिये गये। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने 4 अर्हता तिथि 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई तथा 1 अक्टूबर घोषित किया गया है। आयोग द्वारा स्कूलों एवं कॉलेजों के 17 वर्ष से अधिक के पात्र मतदाताओं को पंजीयन कराने के विशेष निर्देश दिये गये है। इसके लिए जिले में अभियान चलाकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयोग द्वारा जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय (पीवीटीजी) के पात्र मतदाताओं का शतप्रतिशत पंजीयन कराने हेतु निर्देश हैं। इसके लिये बी.एल.ओ. एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का छठवां दिन ग्राम हीराडबरी, संबलपुर में सपन्न हुआ

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती ललिता कुशवाहा रोजगार सहायक, श्रीमती कांति सिंह सरपंच ,मनोज सिंह पटवारी ,श्रीमती पदमिनी चौहान पर्वेक्षक महिला एवं बाल विकास, श्रीमती एबेतसा बेक सुपरवाइजर सिलफिली ,सुषमा एक्का आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, हीरा डबरी ,विफला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता , नानबाई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुलोचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,श्याम बाई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,श्री प्रभात किशोर सिंह प्रधान पाठक प्राथमिक शाला हीरा डबरी ,झम्मन सिंह केराम पटेल , मनेश्वर सिंह पंच ,किरण सिंह केराम जनपद पंचायत सदस्य, नान केश्वर लकड़ा पंच ,कवल बिहारी भूतपूर्व सरपंच , हिरालाल सिंह केराम भूतपूर्व बीडीसी, सभनरायण वरिष्ठ नागरिक, एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी श्री भागीरथी पातर ,व्यवस्थापक प्रभारी कुमारी एकता सिंह, अनीता विश्वकर्मा ,बिंदु सूर्यवंशी, उषा भगत कर्मचारी,अधिकारी जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न सरकार की योजनाओं और समस्या का निराकरण हेतु बाते बताई , शौचालय योजना, राजीव गांधी किसान योजना ,राशन कार्ड ,बाल विवाह जागरूकता, साफ-सफाई, आय जाति निवास ,पेंशन, मनरेगा कन्यादान योजना , छात्रों ने ग्राम सभा के बारे में विशेष जानकारियां ग्रामीण जनों को दिए ग्राम सभा क्या है ? ग्राम सभा का अधिकार तमाम विषयों को लेकर छात्रों ने अपनी बातें रखी छात्रों द्वारा चंदोड़ी डाड़ में साफ सफाई व रैली निकालकर लोगों को जागरूकता किया गया जिसमें कर्मचारी अधिकारी जनप्रतिनिधि छात्र छात्राएं ग्रामीण जन भारी संख्या में उपस्थित रहे ।

# एसडीओपी प्रकाश सोनी ने थाना प्रेमनगर का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी ने थाना प्रेमनगर का द्वितीय अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने पुलिस कर्मियों की समस्याओं को जाना तथा उन्हें कर्तव्यों का बेहतर ढंग से निर्वहन करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन में किए गए अर्द्धवार्षिक निरीक्षण में एसडीओपी प्रेमनगर आज सुबह प्रेमनगर थाना पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के वेश-भूषा का निरीक्षण किया तथा अच्छे वेश-भूषा धारण करने वाले जवानों को पुरस्कृत करने प्रतिवेदन भेजा। थाना भवन, प्रधान आरक्षक कक्ष, विवेचक कक्ष व मालखाना का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने थाने में अभिलेखों एवं उपकरणों का निरीक्षण कर थाने के सीसीटीवी कैमरों के सुचारु रूप से संचालन हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया। थाना-चौकी प्रभारियों से बीट क्षेत्र में बनाए गए वाटसएप ग्रुप के बारे में जानकारी ली और सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आयोजन करने के निर्देश दिए। थाना के सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों का जायजा लेने पर रिकार्ड दुरूस्त पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान थाना प्रभारी प्रेमनगर रूपेश कुंतल, चौकी प्रभारी तारा उमेश सिंह, चौकी प्रभारी उमेश्वरपुर देवनाथ चौधरी सहित थाना व चौकी के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## शासकीय वाहन चालक संघ के जिला कार्यकारिणी का गठन

रामचंद्र जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- छ.ग. प्रदेश शासकीय,अर्द्धशासकीय वाहन चालक एवं यांत्रिकी कर्मचारी संघ की प्रातांध्यक्ष सत्यप्रकाश बाघ के निर्देशन पर प्रांतीय प्रचार सचिव रमेश राजवाड़े एवं जिलाध्यक्ष परमेष्वर राम देवांगन की अगुवाई में सभी की सहमति पर जिला कार्यकारिणी का गठन वाहन कक्ष में 29 नवम्बर को रमेश राजवाड़े जनसम्पर्क विभाग कार्यकारिणी अध्यक्ष,कृपाल सिंह राजस्व विभाग संगठन प्रभारी, सुनील कुमार हितकर राजस्व विभाग सचिव, अनुप खाखा राजस्व विभाग कोषाध्यक्ष , हलदार सर्व शिक्षा अभियान चैनप्रकाश राजवाड़े रेशम विभाग राजकुमार देवांगन पीएचई विभाग विरेन्द्र कुमार सिंह भूमि संरक्षण कृषि विभाग मों. वसीम स्वास्थ्य विभाग संतोष सिंह स्वास्थ्य विभाग मनोज सिंह स्वास्थ्य विभाग राजकुमार देवांगन स्वास्थ्य विभाग विरेन्द्र कुमार सिंह स्वास्थ्य विभाग कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है।